>

TiTle: Need to cover all villages of Khargone Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana.

श्री मकनसिंह सोलंकी (खरगौन): मध्य प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र खरगोन-बड़वानी के लगभग 90 गांव आज भी बिजली से वंचित हैं। पिछले कई वर्षों से देश में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना चल रही है और सरकार दावा कर रही है कि शीघ्र देश के सभी गांवों का विद्युतीकरण कर दिया जाएगा परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त 90 गांवों में आज तक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है जिससे ग्रामवासियों को भारी परेशानी हो रही है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन सभी 90 गांवों को प्राथमिकता के आधार पर राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत शामिल किया जाये तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि का शीघ्र आबंटन किया जाये ताकि आजादी के लगभग 64 वर्षों से अंधेरे में जीवन यापन कर रहे इन ग्रामीणवासियों को बिजली मिल सके।